दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, शनिवार 16 फरवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-138

आतंकी संगठनों ने की बड़ी गलती, चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

पुलवामा हमले पर बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलवामा हमले को लेकर पाकिस्तान को कड़ी चेतानवनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बलों को पूरी आजादी दे दी गयी है और हम शहीदों की रक्त के एक-एक बूंद की कीमत लेकर रहेंगे। पीएम मोदी ने आतंकवादी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, देश की सेवा करते हुए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों के साथ मेरी और हर भारतीय की संवेदना है। सुरक्षाबलों को पूरी स्वतंत्रता दे दी गयी है। हमें अपने सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा है। उन्होंने आतंकवादी संगठनों को चेतावनी देते हुए कहा, वे बहुत बड़ी गलती कर चुके हैं। उन्हें इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मैं देश को भरोसा दिलाता हूं कि हमले के पीछे जो भी ताकतें हैं ,उन्हें सजा मिलेगी। पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा , यदि पड़ोसी देश को लगता है कि ऐसी तबाही मचाकर वह भारत को बदहाल कर सकता है तो यह उसकी गलती है। एक सौ 20 करोड़ हिन्दुस्तानी ऐसी हर साजिश, हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा। ऐसे हमलों का देश डटकर मुकाबला करेगा। यह देश रुकने वाला नहीं है। मोदी ने इस हमले की निंदा करने वाले देशों के प्रति अभार जताया और उनसे अपील की कि मानवतावादी शक्तियों को आतंकवाद के खिलाफ हाथ मिलाना होगा। पुलवामा हमले के बाद मोदी का यह पहला सार्वजनिक बयान है। वह सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक के बाद सीधे नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन आए।

पुलवामा की घटना देश की आत्मा पर हमला, हम सरकार और सुरक्षा बलों के साथ खड़े हैं: राहुल

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले को हिंदुस्तान की आत्मा पर हमला करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी और पूरा विपक्ष इस वक्त सरकार एवं अपने सुरक्षा बलों के साथ खड़ा है। गांधी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, ''यह बहुत भयावह त्रासदी है। आतंकवाद का मकसद हमारे देश को तोड़ना और बांटना है लेकिन मैं यह साफ कहना चाहता हूं कि इस देश को कोई भी शक्ति तोड़ नहीं सकती, बांट नहीं सकती। पूरा विपक्ष अपने सुरक्षा बलों और सरकार के साथ खड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''यह हमला हिंदुस्तान की आत्मा पर हमला हुआ है। जिन लोगों ने यह भी किया है उनको यह नहीं लगना चाहिए कि वे इस देश को जरा सा भी चोट पहुंचा सकते हैं। उनको मालूम होना चाहिए कि यह देश इस तरह के हमले को भूलता नहीं है।''

गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार को जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम 37 जवान शहीद हो गए जबकि कई गंभीर रूप से घायल हैं।

आतंकवादी संगठनों को समर्थन, सुरक्षित पनाह तुरंत बंद करे पाक

अमेरिका ने कहा

वाशिंगटन (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान से कहा है कि वह तुरंत सभी आतंकवादी समूहों को समर्थन और सुरक्षित पनाह देना बंद करे।

पाकिस्तान से गतिविधियां चलाने वाले समूह जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) ने पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में सीआरपीएफ के कम से कम 37 जवान शहीद हुए हैं और कई गंभीर रूप से घायल हैं।

महत्वपूर्ण एवं खास

पाक ने भारत के आरोपों से इंकार किया

पुलवामा आतंकवादी हमला

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले की निंदा करते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है और बिना जांच के इसके तार इस्लामाबाद से जुड़े होने के भारत के आरोपों को खारिज किया है। गौरतलब है कि पुलवामा में बृहस्पतिवार को जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम 37 जवान शहीद हो गए जबकि कई गंभीर रूप से घायल हैं।

संकटग्रस्त वेनेजुएला को मानवीय सहायता के रूप में 10 करोड़ डॉलर देने 25 देशों की घोषणा की

काराकास (आरएनएस)। अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि पच्चीस देशों ने मानवीय सहायता के तौर पर वेनेजुएला को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि देने का वादा किया है। वेनेजुएला महंगाई और बुनियादी सामानों की कमी से त्रस्त है और ऐसे समय में विपक्षी नेता जुआन गुआदो और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो देश की सत्ता के लिए लड़े रहे हैं। अमेरिका उन 50 से अधिक देशों में से एक है जिसने गुआदो को अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी है जबकि मादुरो को देश की सेना के साथ-साथ रूस, चीन और दर्जनों अन्य देशों का समर्थन प्राप्त है। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरिकन स्टेट्स के सम्मेलन के बाद अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने वेनेजुएला को दी जाने वाली सहायता राशि की घोषणा की।

राम सिर्फ हिन्दुओं के नहीं, पूरी दुनिया के भगवान

नैशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला बोले

नईदिल्ली (आरएनएस)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को पूछा कि क्या भगवान राम केवल हिंदुओं के भगवान हैं और इस बात पर जोर दिया कि सभी धर्म के लोगों को देश में सम्मान के साथ जीने का समान अधिकार है.

श्रीनगर से दिल्ली लाए जाएंगे जवानों के शव, दी जाएगी श्रद्धांजलि

नईदिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में मारे गए जवानों के शव पहले दिल्ली लाए जाएंगे. यहां जवानों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही शवों पर फूल चढ़ाए जाएंगे. देश के अमर जवानों के शवों को लाने के लिए इंडियन एयरफोर्स सी-17 ट्रांस्पोर्टर एयरक्राफ्ट हाल ही में हिंडन एयरबेस से श्रीनगर के लिए रवाना हुआ है.

भारत-पाकिस्तान के बीच बंद किया जा सकता है करतारपुर कॉरिडोर

नईदिल्ली (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर में इस साल के सबसे बड़े आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री आवास पर कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की अहम बैठक शुरू हो गई है. आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले सकता है. सूत्रों के हवाले से खबर है कि भारत-पाकिस्तान के बीच करतारपुर कॉरिडोर बंद किया जा सकता है.

मासिक धर्म को अपवित्रता से जोड़ना मानवता पर धब्बा

सबरीमला विवाद पर केरल सरकार ने न्यायालय से कहा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। केरल सरकार ने सबरीमला मामले में उच्चतम न्यायालय में दाखिल पुनर्विचार याचिका पर लिखित में कहा है कि मासिक धर्म के दौरान किसी महिला को अपवित्र ठहराना पूरी मानवता पर धब्बा है। केरल सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा, '' मासिक धर्म के दौरान किसी महिला को अपवित्र ठहराना पूरी मानवता पर धब्बा तथा सभ्य समाज के लिए घृणित है क्योंकि यह स्वाभाविक प्रक्रिया है तथा प्रजनन के लिए अनिवार्य है।''

पुडुचेरी में उपराज्यपाल किरण बेदी के खिलाफ प्रदर्शन

पुडुचेरी (आरएनएस)। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी और लेफ्टिनेंट गवर्नर किरण बेदी के बीच तनाव लगातार बढ़ता हुआ दिख रहा है. पिछली रात बुधवार को मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ राज निवास के बाहर ही सो गए. पिछली रात बुधवार को मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ राज निवास के बाहर ही सो गए. मुख्यमंत्री की मांग है कि मुफ्त चावल बांटने की योजना सहित 39 सरकारी प्रस्तावों को उपराज्यपाल मंजूरी दें. कांग्रेस और डीएमके के विधायक भी राज निवास के बाहर हो रहे प्रदर्शन में शामिल हैं. राज निवास उपराज्यपाल का आधिकारिक कार्यालय सह निवास स्थान है. आरोप है कि विभिन्न मामलों पर उनकी स्वीकृति के लिए भेजी गई फाइलों को उपराज्यपाल ने खारिज कर दिया. उनके इसी नकारात्मक रुख के विरोध में मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी मंत्री काली कमीज में राज निवास के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं.

राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर का जायजा लिया

नयी दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक से बातचीत की और सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादियों के घातक हमले के बाद की राज्य की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बिहार में शुक्रवार का अपना कार्यक्रम भी रद्द कर दिया। वह जम्मू कश्मीर जा सकते हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गृहमंत्री ने राज्यपाल से बाचतीत की जिन्होंने उन्हें राज्य की वर्तमान स्थिति के बारे में बताया। सिंह ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक आर आर भटनागर से भी बातचीत की और उन्हें जरूरी निर्देश दिये। गृह मंत्रालय स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। सिंह ने ट्वीट किया, ''(जम्मू कश्मीर के) पुलवामा में सीआरपीएफ पर आज का कायराना हमला बहुत ही पीड़ाजनक और विचलित कर देने वाला है। मैं सीआरपीएफ के हर उस जवान को नमन करता हूं जिसने देश की सेवा में अपनी जान कुर्बान की है।''

पायलटों की कमी के चलते इंडिगो ने रद्द कीं करीब 130 उड़ानें

नईदिल्ली (आरएनएस)। पायलटों और नोटम की भारी कमी को देखते हुए इंडिगो ने शुक्रवार को करीब 130 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है. सूत्रों के अनुसार ये पूरे एयरलाइन ऑपरेशन का करीब 10 फीसदी है. 210 विमानों की फ्लीट सहित इंडिगो की लगभग 1300 उड़ानें रोज़ होती हैं. जब इस बारे में इंडिगो के प्रवक्ता और चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर वॉल्फगैंग प्रॉक शाउर से पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया. पिछले शनिवार से बारिश और ओले पड़ने के बाद से इंडिगो लगातार अपनी उड़ानों को रद्द कर रहा है.

बंगलौर एयरपोर्ट के एयरपोर्ट शो होने व अन्य कारणों के चलते गुरुवार को योजनाबद्ध तरीके से कई उड़ानों को किया गया. एयरलाइन ने इससे पहले अपने बयान में कहा था कि 30 विमान रोज़ाना के औसत से रद्द किए जा रहे हैं 31 मार्च से गर्मियों की शुरुआत होते ही सारे ऑपरेशन सामान्य हो जाएंगे.

पीएम निवास पर सीसीएस की बैठक, दिल्ली में भी अलर्ट जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुलवामा हमले को लेकर प्रधानमंत्री निवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, गृहमंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री अरुण जेटली के अलावा एनएसए अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत और सीआरपीएफ डीजी राज भटनागर भी हिस्सा ले रहे हैं। माना जा रहा है कि बैठक में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

बताया जा रहा है कि इस बैठक में राज भटनागर सीसीएस की बैठक को कल हुए हमले को लेकर ब्रीफ करेंगे। सीसीएस की बैठक के बाद गृहमंत्री राजनाथ सिंह और राजभटनागर श्रीनगर के दौरे के लिए निकलेंगे। बता दें पहली बार ऐसा हो रहा है कि सीसीएस की बैठक में सीरआरपीएफ के डीजी को शामिल किया जाएगा।

इससे पहले पुलवामा हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

सीमा पर दीवार बनाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर सकते हैं ट्रंप

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको के साथ जुड़ी अमेरिकी सीमा पर दीवार बनाने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करने वाले शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार देश की सुरक्षा, मेक्सिको से आने वाले अवैध आव्रजकों और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए यह दीवार बहुत महत्वपूर्ण है। यदि ट्रंप आपातकाल की घोषणा कर देते हैं तो वह दीवार बनाने के लिए आवश्यक 5.6 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि प्राप्त कर सकते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव सारा सैंडर्स ने एक बयान में कहा, ट्रंप सरकारी कामकाज पर खर्च से संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे और जैसा कि उन्होंने कहा है, वह अन्य शासकीय कार्रवाई करेंगे जिसमें आपातकाल की घोषणा भी शामिल है।

राहुल गांधी को स्टेज पर महिला ने किया किस

वीडियो वायरल

वलसाड (आरएनएस)। गुजरात के वलसाड में रैली के लिए पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को एक महिला ने उन्हें किस कर दिया. महिला राहुल गांधी के स्वागत के लिए पहुंची थी और वो जैसे ही कांग्रेस अध्यक्ष के पास पहुंची, उन्होंने राहुल को किस कर डाला. ये वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है.

आपको बता दें वलसाड में राहुल गांधी की इस रैली से कांग्रेस का गुजरात में अपना चुनाव अभियान शुरू कर दिया है. 2017 के विधानसभा चुनाव के बाद यह राहुल गांधी का पहला गुजरात दौरा है. बता दें कि साल 2017 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने राज्य में खूब जोर-शोर से प्रचार किया था. राज्य में कांग्रेस को 77 सीटें हासिल हुई थीं. वैसे पिछले लोकसभा चुनाव में गुजरात में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था. तब बीजेपी ने यहां की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी.

पीएम मोदी 21 फरवरी से दो दिवसीय दौरे पर दक्षिण कोरिया जायेंगे

नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी से दो दिवसीय दौरे पर दक्षिण कोरिया जायेंगे। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन के साथ सामरिक मुद्दों समेत द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा करेंगे। उन्हें वहां सियोल शांति सम्मान भी प्रदान किया जायेगा। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को सियोल पहुंचेंगे। इस अवसर पर वे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयमों एवं हाल के घटनाक्रमों पर विचार विमर्श करेंगे। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान हो सकता है जिसका मकसद साझे मूल्यों एवं हितों पर आधारित दोनों देशों के विशेष सामरिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।

उच्चतम न्यायालय का फैसला स्पष्ट नहीं : आप

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्चतम न्यायालय का फैसला स्पष्ट नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सेवाओं के नियंत्रण के मुद्दे पर खंडित फैसला दिया है। न्यायालय ने दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच शक्तियों के बंटवारे पर स्पष्टता का मामला वृहद पीठ के पास भेज दिया है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए आप के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली के लोगों की परेशानियां जारी रहेंगी।

कांग्रेस ने पुलवामा आतंकी हमले की निंदा की

मोदी सरकार पर निशाना साधा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का सिलसिला लगातार जारी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, हम पुलवामा में कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हैं। सर्वोच्च बलिदान देने वाले अपने 30 बहादुर जवानों को हमारी श्रद्धांजलि।

शशि थरूर ने वैलेंटाइंस डे को बताया कामदेव दिवस

ट्वीट में लगाई कृष्ण-राधा की फोटो

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद एक बार फिर विवादित ट्वीट को लेकर सुर्खियों में हैं. शशि थरूर ने वैलेंटाइंस डे की तुलना कामदेव दिवस से कर डाली है. साथ ही उन्होंने अपने ट्वीट में कृष्ण-राधा की फोटो का इस्तेमाल किया है.

शशि थरूर ने संघ पर निशाना साधने के लिए वैलेंटाइंस डे पर ट्वीट किया और लिखा, वैलेंटाइंस डे की शुभकामनाएं. अगर संघ परिवार अपने दोस्त के साथ बाहर निकलने पर आपको ट्रोल करने या धमकाने की कोशिश करता है तो उन्हें कहिएगा कि आप प्राचीन भारत का त्योहार कामदेव दिवस मना रहे हैं. शशि थरूर ने इस ट्वीट के साथ एक लिंक भी शेयर किया जिसमें कृष्ण-राधा की तस्वीर बनी हुई थी. शशि थरूर के इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर घमासान मच गया और कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया. मुख्तार अब्बास नकवी ने शशि थरूर के ट्वीट पर चुटकी ली. उन्होंने कहा कि शशि थरूर तो लव गुरु हैं. केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने ट्वीट किया, शशि थरूर भाई तो लव गुरू हैं. अब कोई वैलेंटाइन-डे का विरोध करे तो लव गुरू तो उसका विरोध करेगा ही.